<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

दिनांकः- 16.08.2014

यातायात पुलिस द्वारा ‘‘यातायात शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम’’ के अन्तर्गत दिनांक 16.08.2014 को श्री लाल बहादुर शास्त्री सीनियर सैकेण्डरी स्कूल रातानाडा जोधपुर के लगभग 250 विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी विस्तार से दी गई।

व्याख्यान में दुर्घटना होने के कारण, बचाव हेतु सुझाव, भारत में प्रतिवर्ष होने वाली सड़क दुघटनाऐं, स्थाई विकलांगता व मौते के आंकड़े बताये। सड़क दुर्घटना होने पर की जाने वाली त्वरित कार्यवाही के बारे बताया। हर एक विद्यार्थी का जीवन अपने परिवार, समाज व देश के लिये कितना अनमोल है इसके बारे में विस्तार से बताया। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु सभी विद्यार्थियों ने भविष्य में यातायात नियमों की शत-प्रतिशत पालना करने के विश्वास के साथ संकल्प लिया। बालवाहिनी योजना सम्बन्धी जानकारी दी गई तथा बालवाहिनियों को यातायात नियमों की पूर्ण पालना करवाने हेतु विद्यालय के यातायात वार्डन की पूर्ण जिम्मेदारी बताई। प्रधानाचार्य को यातायात चिन्ह भाषा की पुस्तक प्रदान की एवं विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पैम्पलेट व दीवार पोस्टर वितरित किये। विद्यालय में समय-समय पर अभिभावकों की मिटिंग के दौरान अभिभावकों को अपने बच्चों को यातायात नियमों की पूर्ण पालना करवाने हेतु जिम्मेदारी सौपी गई।

यातायात शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को नशा मुक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी विशेषकर समाज में फैल रहे ‘स्मैक’ नशे का दुष्परिणाम एवं उसको रोकने संबंधी उपाय बतायें।

आयोजित कार्यक्रम के सम्बन्ध में विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीज खान पठान ने सभी विद्यार्थियों द्वारा यातायात नियमों की पूर्ण पालना करने का विश्वास दिलाते हुए यातायात पुलिस के इस अनुठे प्रेरणादायक जागरूकता कार्यक्रम की प्रशंसा के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया।

ओर से
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, जोधपुर